हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 निर्माण कार्यों में अनियमितताएं, सौंदर्यीकरण के नाम पर बाउंड्री की तार...



09 अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने दी लय-ताल...



खबर संक्षेप

पंकज को मिला बुक ऑफ द ईयर अवार्ड



सीहोर। साहित्य जगत से सीहोर और पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरवशाली खबर सामने आई है। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कथाकार पंकज सुबीर को उनके चर्चित कहानी संग्रह 'ख़ैबर दर्रा' के लिए कलिंगा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 'केएलएफ बुक ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच का यह सम्मान पहली बार मध्यप्रदेश के किसी रचनाकार के हिस्से में आया है। यह सम्मान आगामी दिसंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले एक भव्य और गरिमामय समारोह में देश-विदेश के प्रमुख साहित्यकारों, विचारकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा।

आरएसआई कप का फाइनल आज

सीहोर। शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को 2 सेमीफाइनल खेले गए थे। इसमें पहले सेमीफाइनल में सेंट मेरी टीम ने ब्लू वर्ड को 80 रन के अंतर से और दूसरे मैच में लुर्दमाता स्कूल ने भैरुंदा को 6 विकेट से हराया। पहले सेमीफाइनल मैच में अजित ने 100 रन की शतकीय पारी खेली। प्रतियोगिता के दौरान कोच अक्षय दुबाने, अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले सेमीफाइनल में सेंट मेरी ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 156 रन बनाए थे। इसमें अजित ने 100 रन, सौरभ ने 11 रन और यश सिसौदिया ने 20 रन की पारी खेली। इधर ब्लू वर्ड की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदेश परमार-अदाविक ने 2-2 विकेट, दार्शिल समाधिया-अक्षर ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू वर्ड की टीम 14.3 ओवर में 76 रन ही बना सकी। इसमें बंधन पवार ने 10 रन, अक्षर ने 27 रन और दार्शिल समाधिया ने 13 रन की पारी खेली। इसके अलावा सेंट मेरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वीर सिसौदिया ने 3 विकेट, भूनेश मीना-यश सिसोदिया ने 2-2, अजित-अंशुल ने 1-1 विकेट हासिल किए।

शांताबेन पटेल के सपने के बाद मंडी में जल रही गुजराती गरबे की अलख

शहर के मण्डी में 8 दशकों से जीवंत है गुजराती परंपरा, डाया भाई के घर के सामने आज भी गूंजती है गरबे की खनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज भले ही शहर और प्रदेश भर में नवरात्रि के दौरान भव्य गरबा आयोजनों की धूम मचना आम बात हो गई हो, लेकिन जब शहर में कहीं भी गरबा नहीं होता था, तब शहर के मण्डी क्षेत्र में डाया भाई के घर के सामने गरबों की खनक गूंजती थी। मण्डी स्थित राय सेठ दया भाई छोटा लाल पटेल के पैतृक मकान के सामने गुजराती शैली में गरबे का यह सिलसिला पिछले 8 दशकों (80 वर्षों) से लगातार निर्बाध रूप से चला आ रहा है।

इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत के पीछे एक गहरा आध्यात्मिक प्रसंग जुड़ा हुआ है। पटेल पेट्रोल पंप के संचालक शैलेष पटेल की दादीजी स्व. शांताबेन पटेल को करीब 80 साल पहले स्वप्न में स्वयं मातारानी ने दर्शन दिए थे और गरबा



आयोजन शुरू करने का आदेश दिया था। शांताबेन पटेल ने जब यह बात अपने परिजनों और समाजजनों को बताई तो सभी ने मिलकर ऐतिहासिक निर्णय लिया और मण्डी में माताजी की स्थापना कर गरबे की शुरुआत की, तब से लेकर आज तक यहां गरबे की परंपरा में एक बार भी गैप (रुकावट) नहीं आया है।

शुगर फैक्ट्री के दौर में 60 से अधिक परिवार होते थे शामिल

गुजराती समाज के 78 वर्षीय अध्यक्ष किरिट भाई शाह बताते हैं कि वे अपने बचपन से ही यहां गरबे देखते आ रहे हैं।



उनके पिता के समय से ही घर के सामने यह आयोजन होता आ रहा है। समाज के वरिष्ठ सदस्य जयंत शाह (60 वर्ष से अधिक) याद करते हुए बताते हैं कि उस दौर में सीहोर की प्रसिद्ध शुगर फैक्ट्री चालू थी, जहां बड़े पदों पर गुजराती समाज के लोग कार्यरत थे। उस समय सीहोर में 60 से अधिक गुजराती परिवार निवास करते थे और शुगर फैक्ट्री के मालिक स्वयं भी इस आयोजन में शामिल होने आते थे। हालांकि शुगर फैक्ट्री बंद होने के बाद कई परिवार दूसरे स्थानों पर चले गए, लेकिन बाद में गुजरात के सौराष्ट्र और राजकोट से आए नए परिवारों के बसने से समाज की रौनक फिर लौट आई। वर्तमान में लगभग 25 गुजराती परिवार यहां निवास करते हैं।

बिना माइक और डीजे के गूंजते थे पारंपरिक गरबा गीत

पुराने दिनों की यादें ताजा करते हुए जयंत शाह बताते हैं कि उस दौर में आज की तरह डीजे या आधुनिक साउंड सिस्टम नहीं होते थे। महिलाएं स्वयं पारंपरिक गुजराती गरबा गीत गाती थीं और ढोलक की ताल पर गरबा करती थीं। बिना किसी माइक के भी महिलाओं की बुलंद आवाज से पूरा मण्डी प्रांगण गूंज उठता था। पहले यह गरबा आयोजन रात 9.30 बजे से शुरू होकर तडक़े 2 से 3 बजे तक चलता था, जिसमें शहर भर के बुजुर्ग और नागरिक गरबा देखने उमड़ते थे। वर्तमान में समय के बदलाव के साथ आयोजन का समय रात 9.30 बजे से 12.00 बजे तक कर दिया गया है। समय के साथ सीहोर से कई बेटियों की शादियां हो गईं और कई परिवार बाहर जाकर बस गए, लेकिन 80 साल पुरानी इस परंपरा से उनका जुड़ाव आज भी अटूट है। देश-विदेश में बसे ये लोग नवरात्रि के दिनों में अपने सीहोर स्थित परिजनों से गरबे का लाइव टेलीकास्ट देखने की जिद करते हैं, ताकि वे अपनी जड़ों और बचपन की यादों से जुड़े रहें।

मंडी में आज भी जारी है परंपरा

शैलेश पटेल बताते हैं कि उनकी दादी स्व. शांताबेन पटेल के स्वप्न से शुरू हुआ यह पावन आयोजन आज भी पूरी शुद्धता, सादगी, अनुशासन और पारंपरिक गुजराती शैली में बदस्तूर जारी है। शैलेष पटेल बताते हैं कि प्रतिदिन गरबा आयोजन के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जाता है।

नपा की पीआईसी बैठक में बड़ा फैसला, 39 में से सभी 39 मुद्दों पर बनी सहमति

विकास कार्यों को मिली रफ्तार, कई वार्डों में सड़क, निर्माण कार्यों को मिलेगी गति

बैठक में कुल 39 विषयों पर चर्चा की गई और सभी 39 विषयों पर सहमति बनी। बैठक में विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं सामुदायिक भवन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों को लेकर सहमति बनने से शहर के विकास को नई गति मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर में आयोजित पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) की महत्वपूर्ण बैठक में शहर के विकास को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 39 विषयों पर चर्चा की गई और सभी 39 विषयों पर सहमति बनी। बैठक में विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं सामुदायिक भवन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों को लेकर सहमति बनने से शहर के विकास को नई गति मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में पीआईसी की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति बनाई गई।इसमें वार्ड क्रमांक 2 देवनगर कॉलोनीः माताजी के मंदिर के पीछे झागरिया रोड पर नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। इसकी लागत 38 लाख रुपये निर्धारित है। वार्ड क्रमांक 6 जैन मंदिर वाली गलीः क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा, जिसकी लागत 12.50 लाख रुपये है। वार्ड क्रमांक 8 गर्ल्स छात्रावास के सामनेः सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा।

इसकी लागत 18 लाख 57 हजार रुपये है। वार्ड क्रमांक 13 नवल मोहल्ला, गंज, सीहोरः क्षेत्र में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 37 लाख रुपये है। इससे क्षेत्र के नागरिकों को सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 22 विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माणः शीतला माता मंदिर से राधेश्याम विश्वकर्मा के घर तक, साहूजी के घर से दीपक के घर तक तथा श्री मोहन राठौर के घर से अनिकेत सोनी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। इन कार्यों की कुल लागत 17 लाख 80 हजार रुपये है। इन प्रमुख विकास कार्यों के अतिरिक्त बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। सभी 39 विषयों पर सहमति बनने से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है।नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि हमारा लक्ष्य सीहोर शहर का सर्वांगीण विकास करना और प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शहर के विकास में सड़क, नाली और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इसी उद्देश्य के साथ नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। पीआईसी की बैठक में सभी 39 विषयों पर सहमति बनना शहर के विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है। नगर पालिका का प्रयास है कि नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए और शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाया जाए।

बुधनी में डंपर की टक्कर से महिला की मौत, 24 घायल

बायां के पास ऑटो भिड़ने से 12 श्रद्धालु घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मां बिजासन धाम सलकनपुर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ दो-अलग हादसों में एक महिला की मौत सहित 36 लोग घायल हुए हैं। घायलों को नर्मदापुरम और रेहटी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर श्रद्धालुओं से भरे दो ऑटो की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई।

आसपास के राहगीर और स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की दो गाडिय़ां तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से सभी एक दर्जन घायल श्रद्धालुओं को तत्परता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पहुंचाया गया। डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है। गनीमत यह रही कि कई श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आईं, जबकि कुछ का इलाज अभी भी जारी है।

डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, 24 घायल

दूसरी ओर गुरुवार की देर रात हुए एक अन्य दर्दनाक हादसा घटित हुआ। सलकनपुर से मां बिजासन देवी के दर्शन-पूजन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की खुशियां उस वक्त पलभर में मातम और आंसुओं में बदल गईं, जब उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक अनियंत्रित डंपर ने भीषण टक्कर मार दी। यह हादसा बुधनी हाईवे बायपास के पास हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी श्रद्धालु रायसेन जिले के खपरिया गांव के रहने वाले थे, जो माता के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी ट्रॉली को चपेट में ले लिया। इस भीषण सडक़ हादसे में खपरिया गांव की रहने वाली महिला भूरी केवट की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

आठ गंभीर घायलों को नर्मदापुरम किया रेफर

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत दल तुरंत हरकत में आए। मौके पर पहुंचे स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 8 लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नर्मदापुरम रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा योगासन प्रतियोगिता में छात्रों का चयन

सीहोर। 70 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा योगासन प्रतियोगिता का आयोजन जिला बालाघाट में दिनांक 23 अक्टुबर 2026 से 26 अक्टुबर 2026 तक आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में शासकीय मॉडल उ.मा.वि. सीहोर से मोनू साकेत और सोनू साकेत का तथा अशासकीय सेंटमेरी हायर सेकण्डरी स्कूल सीहोर से प्रिंस मालवीय का चयन 19 वर्ष बालक केटेगिरी में भोपाल संभाग के दल के साथ हुआ है। बालकों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री शीलू शर्मा, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास, विकास खण्ड योग प्रभारी आनन्द चंदेल, प्राचार्य मॉडल हायर सेकण्डरी मीता सक्सेना, खेल शिक्षक शैलेन्द्र चौहान, प्राचार्य सेंटमेरी मनीष तिवारी, खेल शिक्षक कपिल मालवीय, योग शिक्षिका लक्ष्मी चन्द्रवंशी द्वारा बधाई प्रेषित कर शुभकामनाऐं दी है।

हिंदी भाषण, निबंध लेखन और मुहावरा अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

सीहोर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र, सीहोर द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम महोड़िया के विद्यालय में हिंदी भाषा संवर्धन एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन ने विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा, बौद्धिक विकास एवं व्यावसायिक जीवन में हिंदी की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग तथा अपनी अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुहावरा अभिनय, 'विकसित भारत' विषय पर हिंदी भाषण एवं निबंध लेखन जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नियमित रूप से शिक्षा जारी रखने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा।

46 किलोमीटर पैदल चले आदिवासी, मुख्यमंत्री से मिलेः आश्वासन के बाद वापस लौटे घर

मोहन-शिवराज की मंत्रणा के बाद थमा कोसमी का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरुंदा के कोसमी गांव के आदिवासियों का गुस्सा और उनका लंबा संघर्ष आखिरकार रंग लाया। वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर 46 किलोमीटर का लंबा और कठिन पैदल सफर तय कर भोपाल की ओर बढ़ रहे आदिवासी ग्रामीणों का आंदोलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच हुई उच्चस्तरीय मंत्रणा के बाद समाप्त हो गया है। सरकार से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीण गुरुवार देर शाम बसों से अपने गांव वापस लौट गए। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को भैरुंदा के ग्राम कोसमी में वन विकास निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसमें 12 आदिवासी परिवारों के मकान तोड़ दिए गए और पीने के पानी के कुओं को पाट दिया गया था। सिर से छत छिन जाने के बाद इन आदिवासियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया था। इसी कार्रवाई के खिलाफ न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार सुबह 11 बजे कोसमी गांव से करीब 3 हजार से



अधिक आदिवासी महिला, पुरुष, युवा और बच्चे भोपाल की तरफ पैदल मार्च पर निकल पड़े थे। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी इस रैली में शामिल लोगों ने कड़ाके की धूप की परवाह किए बगैर गुरुवार को 46 किलोमीटर का सफर तय किया था और रात्रि विश्राम कर रहे थे। 17 अक्टूबर को नाराज ग्रामीणों ने सीएम से मुलाकात व सीएम हाउस घेराव की बात कही थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए गुरुवार की देर शाम मुख्यमंत्री निवास पर एक अहम बैठक बुलाई गई। इस उच्चस्तरीय मंत्रणा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और आदिवासी वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला बरेला, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रभावित आदिवासी परिवारों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी पूरी बात रखी। बीजेपी सूत्रों के अनुसार सरकार ने उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और तुरंत बड़ा निर्णय लेते हुए कई बड़े आश्वासन दिए, जिसमें प्रभावित आदिवासी परिवारों को सिंहपुर गांव में जमीन के पट्टे आवंटित किए जाएंगे, ताकि उनके आवास की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। कोसमी गांव में वन विकास निगम के अधिकारियों द्वारा की गई तोडफ़ोड़ और कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर बैठक और सहमति बनने के तुरंत बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह हरकत में आ गया। कलेक्टर बालागुरु के. एसपी सोनाक्षी सक्सेना और बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव तुरंत ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत ग्रामीणों को सरकार के फैसलों और आश्वासनों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की समझाइश के बाद आखिरकार ग्रामीण शांत हुए और उन्होंने अपनी इस पदयात्रा को समाप्त करने की घोषणा की। इसके बाद सभी ग्रामीण राहत की सांस लेते हुए बसों में सवार होकर अपने गृह ग्राम कोसमी के लिए रवाना हो गए।

रामलीला में ताड़का मारीच और सुबाहु वध का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में जारी रामलीला में मुनि आगमन, ताड़का, मारीच और सुबाहु वध की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान राम और लक्ष्मण ने गुरु विश्वामित्र के साथ वन जाकर राक्षसों का संहार किया। प्रयागराज से आए कलाकारों ने मंचन किया। इस मौके पर रामलीला के महंत बृजेश शर्मा ने बताया कि ताड़का, मारीच और सुबाहु जैसे भयंकर राक्षसों के उत्पात से परेशान होकर ऋषि विश्वामित्र अयोध्या नरेश दशरथ के दरबार में पहुंचे। उन्होंने अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाने की अनुमति मांगी। प्रारंभ में राजा दशरथ अपने प्रिय पुत्रों को वन भेजने में हिचकिचाए और अपना दुख व्यक्त किया। हालांकि, गुरु वशिष्ठ के समझाने पर उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजने का निर्णय लिया। वन मार्ग में उन्हें ताड़का नामक एक भयंकर राक्षसी मिली। राम और लक्ष्मण ने निडरता से उस राक्षसी का वध कर दिया। जब इस घटना का समाचार मारीच और सुबाहु के दरबार पहुंचा, तो वे अपनी राक्षसी सेना के साथ राम-लक्ष्मण से युद्ध करने आए। भगवान राम ने एक-एक करके सभी राक्षसों का संहार किया। इस दौरान राक्षस मारीच को बिना फर का बाण मारा गया, जो सौ योजन पार जाकर गिरा। मुनि विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण उनके आश्रम पहुंचे, जहां मुनि ने उन्हें व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की। दर्शकों ने इस मंचन को खूब सराहा।

खबर संक्षेप

सचिव शुक्ल ने किया सीहोर जिले का भ्रमण

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सचिव श्रीमन शुक्ल ने सीहोर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका सीहोर में जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने तीन हितग्राहियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए और पंजीयन प्रक्रिया में नागरिकों को आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री श्रीमन शुक्ल ने कार्यालय कलेक्टर स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के माध्यम से संचालित सांख्यिकी संबंधी कार्यों तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा की। जिला स्तर पर जन्म-मृत्यु पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत भारत सरकार के ई-साक्षी पोर्टल के संचालन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई।

भैरुंदा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को भैरूंदा विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं, पात्रता संबंधी प्रावधानों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई ।

ग्राम पंचायत ढाबला माता में निर्माण कार्यों में ग्रामीणों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

निर्माण कार्यों में अनियमितताएं, सौंदर्यीकरण के नाम पर बाउंड्री की तार फेंसिंग कर हड़प ली 5 लाख रुपए की राशि



4 लाख निकाल कर श्मशान सौंदर्यीकरण काम किया। हकीकत में श्मशान में प्रवेश तक नहीं है, बल्कि परिसर में जंगली कांटेदार झाड़ियां ऊग रही है।



ग्राम ढाबलामाता में मुख्य मार्गों पर ही सड़क पर इस तरह से पानी भरा होने के साथ ही कीचड़ से पटा पड़ा है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

हनुमान मंदिर से नाका तक ग्रेवल सड़क निर्माण के नाम पर ने नाममात्र की मुरुम डालकर विधायक निधि की 1 लाख की राशि आहरण करने के भी आरोप ग्राम ढाबला के ग्रामीणों ने लगाए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढाबला माता में जिम्मेदारों पर पंचायत के संचालन में जमकर गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताएं बरतें जाने के आरोप लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि श्मसान घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर भ्रष्टाचार कर लाखों रुपए की राशि हड़प ली गई, वहीं ग्रेवल सड़क , पुलिया निर्माण आदि कार्यों में भी जमकर गड़बड़ी की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार श्मशान घाट सौंदर्यीकरण के लिए शासन द्वारा 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। सौंदर्यीकरण के नाम पर बाउंड्री की तार फेंसिंग एवं चंद मीटर क्षेत्र में ब्लॉक पेवल बिछाकर करीब 4 लाख रुपए की राशि निकाल ली गई। जबकि जबकि स्टीमेट अनुसार अभी कई कार्य होना बाकी है। इसी प्रकार हनुमान मंदिर से नाका तक ग्रेवल सड़क निर्माण के नाम पर आरोपी ने नाममात्र की मुरुम डालकर



ग्राम ढाबलामाता में करीब 4 लाख रुपए की लागत से बेदरी वाली कनवर्ड पुलिया का निर्माण बेहद घटिया किया गया है जिसकी ग्रामीणों ने शिकायत की है।

विधायक निधि की 1 लाख की राशि आहरण भी हड़प ली। बड़ी बेदरी पर 4 लाख रुपए की लागत से कन्वर्ड पुलिया का निर्माण किया, लेकिन निर्माण कार्य बेहद घटिया और निम्न स्तर का किया गया। ग्रामीणों ने ब ताया कि पुलिया निर्माण में लोहा का उपयोग नहीं किया गया है। पुलिया में सीधे पाइप डालकर एवं उसे मुरुम, मिट्टी से पाट दिया गया। पुलिया का निर्माण निर्धारित मापदंड अनुसार नहीं किए जाने एवं निर्माण पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन होने के कारण कुछ समय में ही इसके धराशायी होने की आशंका बनी हुई है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में उनके द्वारा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी को अवगत कराने के साथ ही कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई, लेकिन न तो मामलों की जांच की गई ओर ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत का संचालन अपनी मनमर्जी से कर रहे हैं। वह जमकर भ्रष्टाचार और गड़बड़ियां कर रहे हैं, लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

चारों ओर गंदगी से पटा गांव

स्वच्छता अभियान का इस तरह माखौल उड़ाया जा रहा है इसका अंदाजा भी इस गांव ढाबला माता से लगाया जा सकता है। गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर जमा होकर कीचड़ और गंदगी में तब्दील हो रहा है। इससे निकलने वाली दुर्गंध से जहां ग्रामीणों का जीना मुहाल हो रहा है, वहीं मच्छरों की बेहताशा वृद्धि हो रही है जिससे लोग बिमारी की चपेट में आ रहें साथ ही मलेरिया , डेंगू जैसी बिमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से पंचायत की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

कार्रवाई की जाएगी

ग्राम पंचायत में श्मशान घाट सौंदर्यीकरण, और कन्वर्ट पुलिया, सहित ग्रेवल सड़क में अनियमितता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि इन कार्यों में अनियमितता बरती गई है तो जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रुशाली पोरस, सीईओ जनपद पंचायत इछावर

परिवहन सचिव ने किया निरीक्षण, नागरिकों को त्वरित और बेहतर सेवाएं देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सचिव मध्यप्रदेश सड़क परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने सीहोर जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही ऑनलाइन सेवाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों और पूरे परिसर का निरीक्षण करते हुए परिवहन सेवाओं के संचालन की स्थिति देखी तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



निरीक्षण के दौरान सिंह ने कार्यालय में संधारित किए जा रहे अभिलेखों का अवलोकन किया और दस्तावेजों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिये। उन्होंने नागरिकों को प्रदान की जाने वाली ऑनलाइन सेवाओं की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले नागरिकों को परिवहन संबंधी सेवाएं सरल, सुगम और समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मनीष सिंह ने कार्यालयीन स्टाफ से चर्चा कर कामकाज के दौरान आने वाली समस्याओं और कार्यप्रणाली से जुड़ी कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता और गंभीरता से करें और सेवाओं के प्रदायगी में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही कार्यालय की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये कहा। निरीक्षण के दौरान सिंह ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए परिवहन कार्यालय पहुंचे नागरिकों से भी चर्चा करते हुए परिवहन सेवाओं की प्रक्रिया, ऑनलाइन सुविधाओं तथा कार्यालय में मिलने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्यप्रणाली को प्रभावी तथा नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी सहित कार्यालय का स्टाफ उपस्थित था।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अब सीधे दिल्ली तक पहुंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की राजनीति और विशेषकर कांग्रेस संगठन के लिहाज से एक नया दौर देखने को मिल रहा है। सीहोर कांग्रेस की पहुंच अब केवल प्रदेश स्तर तक सीमित न रहकर सीधे देश की राजधानी दिल्ली और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक हो गई है। जब से राजीव गुजराती ने सीहोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान संभाली है, तब से जिले में संगठन को एक नई राष्ट्रीय पहचान मिली है। राजीव गुजराती को शीर्ष नेतृत्व से मिल रही तवज्जो इस बात का सीधा प्रमाण है कि सीहोर की राजनीतिक गतिविधियों को अब दिल्ली में सीधे सुना जा रहा है। राजीव गुजराती के जिलाध्यक्ष बनने के बाद सीहोर कांग्रेस के ग्राफ में तेजी से उछाल आया है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद से अब तक राजीव गुजराती की कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से चार बार सीधी और मुलाकातें हो चुकी हैं। इन मुलाकातों के दौरान उन्होंने सीहोर जिले के राजनीतिक हालातों, आम जनता के मुद्दों, किसानों की समस्याओं और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की है। इतना ही नहीं वे अब तक आधा दर्जन से अधिक बार दिल्ली में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो चुके हैं। इन बैठकों



में उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से सीधे संवाद कर सीहोर जिले की हर छोटी-बड़ी राजनीतिक गतिविधि और संगठनात्मक प्रगति की रिपोर्ट पेश की है।

गांधी परिवार से निरंतर संवाद

सीहोर जिले के कांग्रेस इतिहास में राजीव गुजराती ऐसे पहले जिलाध्यक्ष बन गए हैं, जिनकी सीधी पहुंच और संवाद कांग्रेस आलाकमान यानी सीधे गांधी परिवार तक बना हुआ है। इससे पहले भी जिले में कई दिग्गज नेता कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन रहे हैं, लेकिन अतीत में किसी भी जिलाध्यक्ष को आलाकमान से इस तरह बार-बार मिलने और जिले की बात सीधे राष्ट्रीय मंच पर रखने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। राजीव गुजराती की इस सक्रियता ने न केवल जिले के कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है, बल्कि सीहोर कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है। यह बदलाव कांग्रेस पार्टी के भीतर आए उस अमूलचूल परिवर्तन का भी नतीजा है, जहां आलाकमान अब जमीनी स्तर पर काम करने वाले हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी से सीधा संवाद स्थापित कर रहा है। राजीव गुजराती की सक्रियता को देखते हुए ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सीहोर जिले को विशेष प्राथमिकता दे रहा है। राजीव गुजराती की दिल्ली तक इस मजबूत पहुंच का सीधा फायदा सीहोर जिले के कांग्रेस संगठन और कार्यकर्ताओं को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पिपलानी में शिविर आयोजित

योजनाओं का लाभ लेने जागरूकता जरूरी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भैरूंदा विकासखंड के ग्राम पिपलानी में शिविर एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों ने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्ति करने की कार्यवाही की गई। शिविर में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य प्रशासन को गांवों तक पहुंचाकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना और शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाना है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भैरूंदा विकासखंड के ग्राम पिपलानी में आयोजित शिविर में कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूकता जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें और ग्रामीण क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को समझें। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण और जल के मितव्ययी उपयोग की आवश्यकता बताते हुए कहा कि कम वर्षा को देखते हुए पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करना जरूरी है। किसानों को कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज की आवश्यकता है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने ग्राम पिपलानी में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सामान्य उपयोग में आने वाले कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी। उन्होंने ग्रामीणों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। एसपी सक्सेना ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर ग्रामीण तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करें, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम पिपलानी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा पात्रतानुसार विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने ग्रामवासियों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने, अपने आसपास साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

सलकनपुर पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



शारदीय नवरात्र में मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में सामाजिक संगठनों के साथ कंपनी के पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। पदयात्रा मार्ग पर जगह-जगह सेवा पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार, पेयजल और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भक्तों की सेवा के लिए भंडारे और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। इन सेवा पंडालों के माध्यम से पदयात्रियों को रास्ते में विश्राम करने और कुछ देर रुककर जलपान करने की सुविधा मिल रही है। नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंचते हैं। ऐसे में मार्ग में की जा रही सेवा से भक्तों को राहत मिल रही है।यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड ने भी शुरू की सेवाश्रद्धालुओं की सेवा के लिए यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भी अलग-अलग स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं। इन पंडालों में पदयात्रियों के लिए स्वल्पाहार और पेयजल की व्यवस्था की गई है। सलकनपुर, गोपालपुर, इटारसी मार्ग सहित भैरूंदा क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं व्यवस्थाओं में जुटकर पदयात्रियों को जलपान उपलब्ध करा रहे हैं।इसी क्रम में शुक्रवार को भोपाल मार्ग पर ब्रह्मदेव के पास यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से तीन दिवसीय सेवा पंडाल का शुभारंभ किया गया। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार और पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

कंपनी की ओर से नवरात्र के दौरान पदयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा शुरू की गई है, ताकि लंबी दूरी पैदल तय करने वाले भक्तों को रास्ते में आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।सेवा पंडाल के शुभारंभ के दौरान कंपनी के मैनेजर विनोद कुमार, दिनेश कुशवाह, राहुल रघुवंशी, राहुल कुशवाह और अमित कुशवाह सहित कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं की सेवा व्यवस्था में सहभागिता की। नवरात्र के दौरान सलकनपुर जाने वाले मार्गों पर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सेवा पंडाल धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और सेवा भावना का भी संदेश दे रहे हैं।

व्यवस्थाएं व सुरक्षा परखीं

दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर मैदान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

आगामी दशहरा पर्व को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका की टीम के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान दशहरा मैदान में आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि नगरवासी उत्साह एवं उल्लास के साथ विजयादशमी का पर्व मना सकें।

छोटे-छोटे बच्चों के गायन ने प्रभावित किया व भाव भंगिमा ने मोहा मन

अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने दी लय-ताल की प्रस्तुति







मंदिर ट्रस्ट ने नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया, पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर बुधवार रात्रि में छोटे-छोटे बच्चों के बीच में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार पं. सुदर्शन शर्मा, गायक कलाकार सपना शिवहरे और राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चो की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चो की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गए। मंच से जब महज पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे।

प्रतियोगिता में शासकीय अशासकीय विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के करीब 50 से अधिक बच्चों ने बुधवार रात तक अपनी प्रस्तुति दी। कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था।

बच्चों के अंदर छिपी रहती है गीत-गायन, संगीत की प्रतिभा

सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढने का अवसर जरूर दे. सभी ने बच्चों को गायन के टिप्स भी दिये. अतिथियों ने पालकों से कहा कि अगर समय पर बच्चों को माहौल देंगे तो बच्चें आगे बढ़ सकते है. अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक विवेक सिंह खींची, आदित्य उपाध्याय सहित सभी अतिथियों का एवं नन्हें छात्र आर्यन शर्मा को मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे. मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायंकाल सात बजे प्रदान किया जाएगा।

हुनर की मिसाल...

हथकरघा से कपड़े पर उकेरी मां बिजासन की अदभुत तस्वीर

बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

हथकरघा पर कपड़ा बुनना एक कला है, लेकिन इसी कला के जरिए कपड़े पर देवी-देवताओं और ऐतिहासिक धरोहरों की तस्वीर उकेर देना किसी अद्भुत हुनर से कम नहीं है। सारंगपुर के वरिष्ठ बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी ने अपनी इसी अनूठी कला का प्रदर्शन करते हुए कपड़े पर मां बिजासन माता (भैंसवा माता) की आकर्षक तस्वीर बुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। उनकी इस कलाकृति की हथकरघा विभाग के अधिकारियों और कला प्रेमियों द्वारा सराहना की जा रही है।लगभग 55 वर्षीय मास्टर बुनकर मोहम्मद रईस अंसारी पिछले 40 वर्षों से बुनाई के कार्य में जुटे हैं। लंबे अनुभव, मेहनत और अपनी उंगलियों के हुनर से उन्होंने साधारण हथकरघा पर कपड़े में कलाकृतियां उकेरने की विशेष महारत हासिल की है।

प्रशिक्षण के दौरान तैयार की मां बिजासन की तस्वीर

जिला हथकरघा कार्यालय के सहायक संचालक बालकृष्ण कोडडिया के मार्गदर्शन में स्वीकृत बुनियादी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फाइन क्वालिटी हैंडलूम, सारंगपुर में रईस अंसारी ने मां बिजासन माता की तस्वीर तैयार की। ताना-बाना, धागों की बारीक गुथन और डिजाइन के तालमेल से उकेरी गई इस तस्वीर में उनकी कलात्मक दक्षता स्पष्ट दिखाई देती है। साधारण हथकरघा के माध्यम से इतनी बारीकी से तस्वीर तैयार करना उनकी वर्षों की साधना और अनुभव को दर्शाता है।

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राएं रही विजेता

विदिशा। मप्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय, लटेरी में किया गया। प्रतियोगिता में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। तथा उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के पांच खिलाड़ियों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है विजेता दल के महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने सभी विजेता खिलाड़ी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार अहिरवार एवं दल मैनेजर कु. सोनम साहू को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर भीड़ की जानकारी ली

एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आयोजन समिति सदस्यों से शांति, सुरक्षा पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार रात्रि को सारंगपुर के विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नवागत एसडीओपी, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की।

उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही, पंडालों में जुटने वाली भीड़ तथा सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही समिति सदस्यों से आयोजन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की। नवरात्रि के दौरान नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम भी साथ रही। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माता रानी के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हों।

आस्था के रंग में रंगा नगर, माता शीतला को ओढ़ाई चुनरी, दो जगह निकाली गई यात्रा, जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





नवरात्रि के पावन पर्व पर महिला मंडल एवं शीतला माता मंदिर समिति के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनर यात्रा का श्रीगणेश विधायक हजारीलाल दांगी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कुशवाह मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा माँ हिंगलाज मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्ग चोपड़ा बाजार, भावसार मोहल्ला, विवेकानंद चौराहा, इंदर चौराहा, बुधवारिया बाजार , हनुमान छतरी होते हुए माता शीतला मंदिर पहुंची। चुनर यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ चुनर यात्रा में शामिल हुए और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर में स्थित माता शीतला मंदिर पर विधि-विधान से माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद महाआरती हुई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

महाकाल राजा ग्रुप ने भी निकाली नौवीं चुनरी यात्रा

नगर के महाकाल राजा ग्रुप के तत्वावधान में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नौवीं विशाल चुनरी यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर माता रानी से सुख-समृद्धि एवं नगर की खुशहाली की कामना की। उल्लास से निकाली गई। चुनर यात्रा का शुभारंभ चामुंडा माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता बिजासन मंदिर पहुंची, जहां माता रानी को चुनर अर्पित कर श्रद्धालु भक्तों ने सबके कल्याण सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग विवेकानंद चैराहा, इंदर चैराहा, बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर , चोपड़ा बाजार एवं रामलीला चौक से होकर बिजासन माता मंदिर पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा समापन कुंभकार मोहल्ले में स्थित मां बिजासन मंदिर में माता रानी की महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

महाविद्यालय में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बनाए आकर्षक कार्ड



जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार दांगी के मार्गदर्शन संचालित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर आकर्षक और संदेशपरक कार्ड तैयार किए। विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, मानसिक स्वास्थ्य, दीपावली, भारतीय सेना का शौर्य, विकसित भारत, समृद्ध मध्यप्रदेश, युवा शक्ति, लोककला एवं संस्कृति, डिजिटल साक्षरता तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्यों जैसे विषयों को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल, एक शाजापुर रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर और आसपास के क्षेत्र में बुधवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल हो गए। दोनों घटनाओं में घायलों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे शाजापुर रेफर कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पहली घटनाः अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात नेशनल हाईवे पर धनोरा जोड़ के पास उत्तर प्रदेश के कानपुर से शाजापुर जा रहे दो युवकों की बाइक को एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सचिन पिता राजेश (18) निवासी कानपुर और शिवा निवासी कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां डॉक्टर अंकित महुवा ने उनका उपचार किया। बताया गया कि दोनों युवक शाजापुर में बाइक पर कपड़े रखकर बेचने का काम करते हैं।

दूसरी घटनाः ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

दूसरी घटना में सारंगपुर से सलसलाई जा रहे महेश मेवाड़ा (25) निवासी सलसलाई, जिला शाजापुर को उप जेल सारंगपुर के सामने एक ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर अंकित महुवा ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जिला विपणन अधिकारी मौर्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित

ब्यावरा। संभाग आयुक्त भोपाल कर्मवीर शर्मा द्वारा तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी राजगढ़ मौर्य के विरुद्ध खाद वितरण में लापरवाही, केंद्रों की मॉनीटरिंग नहीं करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और शासकीय बैठकों से बिना सूचना अनुपस्थित रहने के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन को भिजवाया गया है। खाद वितरण में अनियमितताओं और किसानों को यूरिया नहीं मिलने से सड़क जाम की स्थिति बनने को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव संभाग आयुक्त को भिजवाया गया था। संबंधित मामलों में जारी आरोप-पत्रों एवं आरोप-ज्ञापनों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब नहीं देने पर प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए शासन को भेजा गया। वर्तमान में मौर्य का स्थानांतरण जिला झाबुआ किया गया है।

महिला कृषक दिवस पर महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए वितरित किए गए आम के पौधे



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ़ में गुरुवार को महिला कृषक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 25 महिला एवं पुरुष कृषकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महिला कृषकों के कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गजाला खान ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से देश की 11 महिला कृषकों की सफलता की कहानियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही महिला कृषकों से चर्चा कर उनकी कृषि गतिविधियों, कार्यों के दौरान आने वाली परेशानियों एवं अनुभवों की जानकारी ली गई। महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच महिला कृषकों एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों को कृषि विज्ञान केंद्र में उपलब्ध आम के पौधे वितरित किए गए। इसके साथ ही सब्जी एवं मसाला उत्पादन के माध्यम से आय अर्जित करने के उद्देश्य से पौधे भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में छह स्व-सहायता समूहों की कृषि सखियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

रॉयल सिटी में टीन शेड का भूमिपूजन, जयप्रकाश नगर में सीसी रोड का लोकार्पण

4.23 लाख रुपए से बनेगा पार्क में टीन शेड, 14 लाख रुपए की लागत से तैयार सड़क नागरिकों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत रॉयल सिटी स्थित बड़े पार्क में 4 लाख 23 हजार रुपए की लागत से बनने वाले टीन शेड का भूमिपूजन किया गया। वहीं, जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सुविधा की सौगात दी गई।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किए। शहर की रॉयल सिटी के बड़े पार्क में बनने वाले टीन शेड से यहां आने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी यह उपयोगी रहेगा। इससे पार्क में आने वाले लोगों को धूप और बारिश से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। वहीं जयप्रकाश नगर में निर्मित सीसी रोड के शुरू होने से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, सार्वजनिक स्थलों के विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करना और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है। इस दौरान दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बेसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

सुशील बने टैलर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष

आष्टा। ट्रेलर्स संगठन के संपन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर सुशील यादव को नियुक्त किए जाने पर संगठन के सदस्य एवं शुभचिंतको ने बधाई दी। यादव ने अध्यक्ष बनने पर कहा टैलरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा सभी सदस्यों के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। सुशील यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया। संगठन के आशीर्वाद दाता सतीश डोंगरे ,जीतमल मकवाना, रामेश्वर सोनी, जीतमल नायक आदि ने सुशील यादव को आशीर्वाद और शुभकामनायें प्रेषित की।इस अवसर पर संगठन के सदस्य भविष्य नामदेव, दिनेश डाबी महेश सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी ताराचंद्र नायक, मोहनलाल, राजेंद्र कुमार, अमीन खा, संतोष मकवाना आदि उपस्थित रहे।

स्लोगन का पत्राचार में उपयोग करने के निर्देश

सीहोर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन और व्यापक जनजागरूकता के लिए जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल द्वारा जनगणना 2027 के लोगो एवं स्लोगन जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना 2027 से संबंधित शासकीय पत्राचार में लोगो एवं स्लोगन को उचित स्थान पर अंकित किया जाए।

नगरीय सीमा विस्तार का ऐतिहासिक प्रस्ताव बहुमत से पारित

विकास को लगेंगे पंख: नगरिय क्षेत्र के आस पास के एक दर्जन गांव नपा में होंगे शामिल

ग्रामीण क्षेत्रों को नगरपालिका सीमा में सम्मिलित करने का प्रस्ताव पारित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका द्वारा विशेष सम्मेलन नपा के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति सहित परिषद सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में नगरीय क्षेत्र की सीमा वृद्धि और समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को नगरपालिका सीमा में सम्मिलित करने का एक ऐतिहासिक प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। वर्ष 1994 के बाद पिछले 32 वर्षों में पहली बार आष्टा नगर की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की यह बड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर परिषद में उपस्थित सदस्यों द्वारा इस पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बायपास, पपनास नदी बनेगी नई सीमा

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में आष्टा नगर के दोनों ओर भोपाल-इंदौर बायपास मार्ग तथा कन्नौद रोड़ बायपास मार्ग पूरी तरह विकसित हो चुके हैं। इस स्थिति में इन दोनों बायपास मार्गों और पपनास नदी की प्राकृतिक सीमा को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय क्षेत्र की सीमा का युक्तिसंगत पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। इससे आष्टा नगर का व्यवस्थित और सुव्यवस्थित विस्तार हो सकेगा।

सीमा वृद्धि में शामिल होने वाले ग्राम

नपा के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित विशेष बैठक में ग्राम बहादरपुरा, मालीपुरा, डाबरी, काजीखेड़ी, सहबाजपुरा, जगन्नाथपुरा, घनश्यामपुरा, अहमदपुर वीरान, रज्जाकपुरा वीरान ग्रामों और क्षेत्रों को नगरीय सीमा में सम्मिलित करने का प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित कर प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है।

नगर के विकास का नया अध्याय शुरू

विशेष सम्मेलन को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन नगर के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। 1994 के बाद से शहर का फैलाव तो हुआ, लेकिन कागजों पर सीमाएं सीमित थी। इन समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कई नई आवासीय कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं, जहां के नागरिक व्यावहारिक रूप से नगरीय सुविधाओं का लाभ ले रहे थे, लेकिन तकनीकी रूप से वो नगरपालिका का हिस्सा नहीं थे। इस ऐतिहासिक निर्णय से अब इन क्षेत्रों को उनका वास्तविक हक मिलेगा। हम बिना किसी भेदभाव के इन नए क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाएंगे। यह निर्णय आष्टा को महानगर की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में हमारा मजबूत कदम है।

परिसीमन से होने वाले बड़े फायद

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने परिसीमन से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास बायपास और प्राकृतिक सीमाओं के निर्धारण से शहर का बेतरतीब फैलाव रुकेगा और टाउन प्लानिंग के तहत व्यवस्थित कॉलोनियां, पार्क और कमर्शियल हब विकसित हो सकेंगे। सीमा में आने वाले नए क्षेत्रों को पक्की सड़कें, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट और शुद्ध पेयजल जैसी शहरी सुविधाएं सीधे नपा के बजट से मिल सकेंगी।

नपा में आयोजित हुई बैठक में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, राशिदा हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती सुभाष नामदेव, तस्कीन शेख रईस, नूरजहां अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, अनिता कालू भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चौरसिया, लता तेजपाल मुकाती, एल्डरमेन अवनीश पिपलोदिया, शंकरलाल प्रजापति, तोषनारायण भूतिया, राजीव मालवीय, अलखनंदा सोनी सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद थे।

दीपावली व दशहरा त्यौहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट

पटाखा गोदामों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी दीपावली एवं दशहरा त्यौहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशानुसार अनुभाग आष्टा क्षेत्र में लायसेंसधारी पटाखा दुकानों और स्थाई आतिशबाजी गोदामों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आष्टा महेंद्र सिंह किरार और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आष्टा दामोदर गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से खत्री फायर वर्क्स आष्टा, एकता फायर वर्क्स आष्टा एवं सना पटाखा सेंटर आष्टा के गोदामों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदामों में अग्निशमन यंत्र, रेत, पानी जैसी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं को चेक किया गया।

संबंधित गोदाम संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उचित दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने रात्रि में भी गोदाम पर चौकीदार रखने तथा सभी वैधानिक प्रावधानों एवं सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने की समझाइश दी। इस अवसर पर एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार, एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मरीह माता मंदिर में 19 अक्टूबर को मनाई जाएगी नवमीं, विशाल भंडारे का किया जाएगा आयोजन

सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। शुक्रवार को मां के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वाधान में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कन्याओं का पूजन कर प्रसादी आदि का वितरण किया। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू शैलेष अग्रवाल, मंजू भरतिया, प्रेमलता रुठिया, रजनी बाहेती, संगीता राठी, ममता पितालिया, सरोज सोनी, संध्या विजयवर्गीय आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। आगामी 19 अक्टूबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा सहित अन्य ने क्षेत्रवासियों से भंडारे में शामिल होने की अपील की है। सुबह कात्यायनी का विशेष हवन किया गया। आदिशक्ति मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी को समर्पित है। स्वर्ण जैसी कांति वाली और सिंह पर सवार मां कात्यायनी की पूजा अमोघ फल देने वाली मानी जाती है। माना जाता है कि जो भक्त सच्चे मन से मां की शरण में आता है, उसके जीवन से रोग, शोक और भय का समूल नाश हो जाता है और उसे धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि छठवे स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। शरदीय नवरात्रि के नौ दिनों में प्रत्येक दिन देवी दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की आराधना की जाती है।

सरस्वती शिशु स्कूल की छात्रा देवश्री ठाकुर ने एकल अभिनय में मारी बाजी, प्रांत का करेगी प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सरस्वती शिशु मंदिर जावर की प्रतिभावान छात्रा देवश्री ठाकुर ने प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव में एकल अभिनय प्रतियोगिता में बाजी मारकर विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे नगर का नाम रोशन किया है। अब देवश्री प्रांत का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएगी।देवश्री की इस शानदार उपलब्धि पर सरस्वती शिशु मंदिर जावर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने देवश्री को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सम्मान समारोह में देवश्री के पिता जितेंद्र ठाकुर, दादी, बुआ सहित स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल पटेल, उपाध्यक्ष जयनारायण राठौर, सचिव कल्याण सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने देवश्री को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह अपनी कला से क्षेत्र और प्रांत का नाम रोशन करे।इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। देवश्री ने विद्यालय का ही नहीं, बल्कि जावर नगर, विभाग और प्रांत का भी नाम रोशन किया है। हमें विश्वास है कि वह एक दिन अपनी प्रतिभा से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेगी। पिता ने कहा - परिवार और नगर के लिए गौरव की बातदेवश्री ठाकुर के पिता जितेंद्र ठाकुर ने अपनी बेटी की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और आचार्य परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार और नगर के लिए गौरव की बात है। सरस्वती शिशु मंदिर ही ऐसा विद्यालय है जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की अन्य प्रतिभाओं को निखारने और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने का कार्य करता है। यहाँ समय-समय पर ऐसे अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार कर जीवन में अच्छा मार्ग चुन सकें।

17 अक्टूबर को होगा श्रीराम कथा का आयोजन

सीहोर। ग्राम सोंडा में शनिवार, 17 अक्टूबर को संगीतमय श्रीराम कथा एवं अमृतमयी रामधुन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में श्री कालिया चन्द्रा स्वामी जी के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीराम नाम कथा एवं रामधुन का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन को लेकर आयोजकों द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजन का उद्देश्य प्रभु श्रीराम के नाम का प्रचार-प्रसार करना तथा श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोडना है। कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे से 10:30 बजे तक माता मंदिर प्रांगण के पास, ग्राम सोंडा, जिला सीहोर में आयोजित होगा।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



थाना पार्वती पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फरियादी नितिन पिता कैलाश धनगर उम्र 25 वर्ष निवासी जिया पैलेस के पीछे, पार्वती कॉलोनी, चौपाटी, थाना पार्वती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 28 सितंबर को शाम करीब 5 बजे वह अपने घर पर ताला लगाकर परिजनों के साथ ग्राम उचावद, शुजालपुर में मामी के निधन के कार्यक्रम में गया था। 29 सितंबर को सुबह करीब 7 बजे वापस आने पर घर के मुख्य गेट औश्र अंदर के दरवाजों के ताले टूटे मिले तथा कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात आरोपी घर में घुसकर चांदी के आभूषण, सोने के आभूषण एवं नगदी 8 हजार रुपये चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पार्वती में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बनी टीममामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी पार्वती हरि सिंह परमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास की कॉलोनियों और जावर जोड़ तक हाईवे के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। साथ ही इंदौर-भोपाल हाईवे पर आष्टा से भोपाल तक लगभग 100 से 125 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की गई और चोरी गया माल बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने भारत अहिरवार पिता प्रेमनारायण अहिरवार, उम्र 24 वर्ष अभिषेक कुशवाह पिता टीकाराम कुशवाह, उम्र 24 वर्ष चिराग पाठक पिता सुधीर पाठक तीनों निवासी करोद क्षेत्र, थाना निशातपुरा, जिला भोपाल को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दिनेश सिसोदिया, प्रधान आरक्षक चंद्रभान सेन और आरक्षक रवि मेवाड़ा की अहम भूमिका रही।

दल ने जिले का भ्रमण कर लिया जायजा

योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स फॉर प्रोग्राम के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स के भ्रमण दल ने सीहोर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान दल के सदस्यों ने विभिन्न शासकीय विभागों एवं संस्थानों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संचालित योजनाओं, सेवाओं और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान दल ने जिला पंचायत कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली, विभागीय समन्वय और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझा। अधिकारियों से चर्चा कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति, हितग्राहियों तक सेवाओं की पहुंच तथा प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान यह भी जाना कि जिला स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभाग किस प्रकार समन्वय के साथ कार्य करते हैं। भ्रमण दल ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही सांदीपनि विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े पहलुओं का अवलोकन किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए ग्रामीण आजीविका संवर्धन और स्व-सहायता समूहों की भूमिका को भी समझा। इसी क्रम में दल ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का भ्रमण कर तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। तहसील और जनपद कार्यालयों में पहुंचकर राजस्व प्रशासन, स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवाओं के संचालन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य विभिन्न शासकीय संस्थानों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझना, योजनाओं के क्रियान्वयन के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना तथा प्रशासनिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना रहा।

